**23.** वर्ण व्यवस्था के सामाजिक नियमों का पालन करवाने के लिए ब्राह्मणों ने कौन-सी विभिन्न रणनीतियाँ अपनाईं ? स्पष्ट कीजिए । *3*

**24.** (क) लिंगायत परंपरा की शिक्षाओं की व्याख्या कीजिए । *3*

**अथवा**

(ख) इस्लाम धर्म की शिक्षाओं की व्याख्या कीजिए । *3*

**25.** भारतीय उपमहाद्वीप में इब्न बतूता द्वारा देखी गई किन्हीं तीन चीज़ों की व्याख्या कीजिए । *3*

**26.** 1857 के विद्रोह में बहादुर शाह जफ़र की भूमिका की व्याख्या कीजिए । *3*

**27.** 18वीं शताब्दी के दूसरे भाग में अंग्रेज़ों द्वारा पहाड़ियों के लिए अपनाई गई नीतियों की व्याख्या कीजिए । *3*

## खण्ड ग

**(दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न)** *3×8=24*

**28.** (क) विजयनगर साम्राज्य के चरमोत्कर्ष और पतन के कारणों की व्याख्या कीजिए । *8*

**अथवा**

(ख) विजयनगर साम्राज्य के शाही केन्द्र की विभिन्न विशेषताओं की व्याख्या कीजिए । *8*

**29.** (क) "साँची का स्तूप प्राचीनतम समय के सर्वश्रेष्ठ संरक्षित स्मारकों में से एक है ।" इस कथन की व्याख्या कीजिए । *8*

**अथवा**

(ख) पौराणिक हिन्दू धर्म के उदय की व्याख्या कीजिए । *8*

**30.** (क) गाँधीजी को 'लोगों का नेता' क्यों कहा जाता था और गाँधीजी ने आम लोगों के साथ अपनी पहचान कैसे बनाने की कोशिश की ? स्पष्ट कीजिए । *4+4=8*

**अथवा**

(ख) गाँधीजी के राजनीतिक जीवन और उपलब्धियों को जानने में सहायक विभिन्न स्रोतों की व्याख्या कीजिए । *8*

